समाचार-प्रकाशनार्थ:-

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सफाई व 4 लेन निर्माण का निरीक्षण
सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही
चारा जब्त कर गौशाला की गायों को खलाया

रतलाम 08 जून । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पा लक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार शहर में सफाई कार्य व दो बत्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन 4 लेन सड़क निर्माण कार्य पर सतत् निगरानी रखी जाकर निरंतर निरीक्षण कया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा प्रातः कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल के साथ दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्दे शत कया सड़क के एक ओर चल रहे सड़क निर्माण का कार्य 3 दिवस में पूर्ण करें तथा कार्य की तीव्रता के साथ गुणवत्ता का भी वशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर उन्होने स्ट्रॉम वॉटर निकासी हेतु पाईप उ चत ढलान में डालने के निर्देश दिये ता क बारिश के पानी के बहाव में सुगमता होकर जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने कोठारी मार्केट के अन्दर के हिस्से का निरीक्षण कया व निरीक्षण के दौरान अन्दर दुकानदारों द्वारा कये गये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री श्री जायसवाल को दिये।

इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए चौमुखी पुल क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर कार्यपालन यंत्री श्री जायसवाल को निर्दे शत कया क नाले के पानी के बहाव में सुगमता हो इस हेतु कार्ययोजना तैयार की जाये इसके अलावा घांस बाजार में नाले के क्रॉस ड्रेन क्षतिग्रस्त होने से उसके नव निर्माण हेतु भी निर्दे शत कया।

त्रिवेणी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गौशाला के सामने खुले में चारा वक्रय होता पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबं धतों को चारा जब्त कर उसी समय गौशाला की गायों को खाने हेतु कर्मचारियों के द्वारा डाला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने चारा वक्रय करने वालो को निर्दे शत कया क भ वष्य में चारा वक्रय करते पाये जाने पर जुर्माने की कार्यवाही कर ठेला व चारा जब्त कर लया जायेगा। क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से मवेशी वचरण करते पाये जाने पर स्वास्थ्य अ धकारी श्री ए.पी. संह को निर्दे शत कया क मवे शयांे को पकड़ने की कार्यवाही तत्परता से की जाये इस कार्य मंे कसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अ धकारी श्री संह को निर्दे शत कया क नगर के प्रत्येक वार्ड मंे सफाई कर्मचारियांे के नामए पदनामए मोबाईल नम्बरए हाजरी का स्थलए वार्ड प्रभारीए झोन प्रभारीए स्वास्थ्य अ धकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स हो र्डंग आज की तारिख में अनिवार्य रूप से लगवायें ता क सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकें क उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कतनी संख्या में कर्मचारी कार्यरत है।

समाचार ⁄ज.सं. व. ⁄हेमन्त ⁄08ण06ण2021⁄ न.पा.निगमए रतलाम.